आकाशवाणी श्री विजयपुरम

23.01.2025 समय : 1850

- पूरे देश के साथ आज अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में भी पराक्रम दिवस देश प्रेम की भावना के साथ मनाया जा रहा है।
- श्री विजयपुरम में आयोजित 'जय हिंद पदयात्रा' में केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे शामिल हुईं।
- गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में कल फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा।
- अंडमान निकोबार पुलिस स्थापना सप्ताह का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ आज अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में भी पराक्रम दिवस देश प्रेम की भावना के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि नेताजी भारत के स्वाधीनता संघर्ष में सर्वाधिक दृढ़ और प्रेरक हस्तियों में शामिल थे। उप–राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता और आजाद हिन्द फौज के गठन के लिए नेताजी का अनुकरणीय समर्पण उनकी असाधारण दृष्टि और वीरता का प्रमाण है। वहीं, प्रधानमंत्री ने कहा कि देश नेताजी सुभाष चंद्र बोस से प्रेरणा लेकर विश्व की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री विजयपुरम के मरीना पार्क स्थित नेताजी की प्रतिमा पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर 'जय हिंद पदयात्रा' का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे शामिल हुईं। युवाओं को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि नेताजी का जीवन प्रेरणा का स्रोत है।

राज्य मंत्री ने देश के युवाओं को माई भारत पोर्टल से जुड़ने का भी आग्रह किया।

नेताजी के अदम्य साहस के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम में मेरा युवा भारत के पन्द्रह सौ से अधिक स्वयंसेवक शामिल हुए। पदयात्रा फ्लैग पॉइंट से शुरू होकर नेताजी स्टेडियम पर समाप्त हुई। इस उपलक्ष्य में 'सुभाष चन्द्र बोस और स्वतंत्रता आंदोलन' विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताए भी आयोजित की गईं।

<><><><><><><>

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में कल फुल ड्रेस रिहर्सल को देखते हुए यातायात व्यवस्था की गई है। 'पी' ग्रीन पार्किंग कार्ड धारक वाहनों को मरीना पार्क गेट के बच्चों का यातायात पार्क के पास पार्क करने होंगे। 'पी' पिंक पार्किंग कार्ड धारक वाहनों को स्विमिंग पूल पार्किंग क्षेत्र में पार्क कर सकते हैं। पी–एक कार्डधारक वाहन को नेताजी स्टेडियम के भीतर और नेताजी स्टेडियम पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़े करने होंगे। अबरडीन बाजार से साउथ प्वाइंट की ओर से आने–जाने वाले वाहनों को मॉडल स्कूल, ए.पी.डब्लू.डी कॉसिंग से मुरगन मंदिर के रास्ते शादीपुर जंक्शन तक जाना होगा। भारी वाहनों और बसों को सुबह साढ़े सात बजे से साढ़े दस बजे के बीच बंगाली क्लब से गोलघर और जंगलीघाट के रास्तों का इस्तेमाल करना होगा। सुबह आठ बजे के बाद समारोह की समाप्ति और अतिथियों तथा परेड के प्रस्थान करने के बाद ही अन्य वाहनों को छोड़ा जाएगा। एम्बुलेंस तथा आपातकालीन चिकित्सा के वाहनों को जी.बी. पंत अस्पताल जाने के लिए वाई–नारायण जंक्शन और सेल्यूलर जेल के रास्ते जाने की अनुमति रहेगी। यह मार्ग अन्य वाहनों के लिए सुबह आठ बजकर पांच मिनट से आठ बजकर पैंतीस मिनट तक बंद रहेगा। जी.बी. पंत अस्पताल के

भीतर मौजूद वाहनों को सुबह सात बजे से लेकर दस बजे तक अस्पताल के पिछले द्वार से डिगनाबाद समुद्री सी–शोर के रास्ते जाने की अनुमति होगी।

**<><><><><><>**

एंटी–नारकोटिक्स पुलिस थाना और साइबर अपराध पुलिस थाना ने गैर सरकारी संगठन पंख के सहयोग से पुलिस स्थापना सप्ताह गतिविधियों के दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में नशीले पदार्थों और साइबर खतरों से सुरक्षित रहने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। इस कार्यक्रम की शुरुआत मैराथन के साथ हुई, जिसमें विभिन्न स्कूलों के लगभग साठ छात्रों ने भाग लिया। लड़कियों के लिए विशेष रूप से वॉलीबॉल मैच आयोजित किया गया। यह पहल समुदाय को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और साइबर अपराधों से निपटने के प्रयास का हिस्सा है। सी आई डी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार मीणा, ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी से निपटने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने नागरिकों से नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी एंटी–नारकोटिक्स पुलिस थाने में देने की अपील की है। पंख की अध्यक्षा कोमल आनंद द्वीपसमूह के छात्रों में नशीले पदार्थों और साइबर खतरों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

उधर, मध्योत्तर अंडमान में भी पूरे सप्ताह कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें एस–पी कप क्रिकेट टूर्नामेंट, बैडमिन्टन टूर्नामेंट और अन्य खेल गतिविधियां आयोजित की गई। अवकाशप्राप्त अधिकारियों और शहीदों के परिजनों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

**<><><><><><>**

श्री विजयपुरम के दूरदर्शन केंद्र की ओर से कल "गर्भावस्था और उच्च रक्तचाप" विषय पर लाइव फोन–इन कार्यक्रम 'डॉक्टर्स स्पीक' का प्रसारण किया जाएगा। सर्जन लेफ्टिनेंट कमांडर डॉ. अफिया सफीर काठी विशेषज्ञ के रूप में दर्शकों के प्रश्नों का उत्तर देंगे। कार्यक्रम कल शाम साढ़े पांच बजे प्रसारित होगा। दर्शक फोन नंबर दो चार चार सात चार पांच या दो चार पांच छः छः दो पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं।

**<><><><><><>**

एम वी कैम्पबेल बे कल शाम चार बजे श्री विजयपुरम से विशाखापत्तनम के लिए रवाना होगा। यात्रियों को जहाज़ पर चढ़ाने का कार्य दोपहर दो बजे से किया जाएगा। जहाज हैडो जेट्टी से प्रस्थान करेगा।

**<><><><><><>**